यूडीएच मंत्री की फटकार के बाद भी नहीं थमी गोल्फ क्लब की मनमानी!

सेंट्रल पार्क की विवादित जमीन पर बिना जेडीए की परमिशन निर्माण कार्य शुरू किया

-कार्यालय संवाददाता-

जयपुर । सेंट्रल पार्क की जमीन पर सैकड़ों हरे पेड़ काटने के बाद भी गोल्फ क्लब की मनमानी थमने का नाम नहीं ले रही है। यूडीएच मंत्री शांति धारीवाल की फटकार के बाद भी क्लब के लोगों ने जेडीए प्रशासन की बिना परमिशन हौद का निर्माण शुरू करवा दिया। मंगलवार को मामला सामने आने के बाद जेडीए की प्रवर्तन विंग मौके पर पहुंची और निर्माण कार्य बंद करवाया। अब जेडीए के मुख्य नियंत्रक प्रवर्तन रघुवीर सैनी ने इस निर्माण कार्य के बारे में जोन उपायुक्त अंजू वर्मा से तथ्यात्मक रिपोर्ट मांगी है।

सूत्रों की मानें तो पिछले दिनों सेंट्रल पार्क में गोल्फ क्लब के लोगों ने जेडीए की अवाप्तशुदा जमीन पर लगे सैकड़ों पुराने पेड़ काट डाले थे। इस बारे में न तो जेडीए की उद्यानविज्ञ जवाब देना चाहते हैं और न ही जोन उपायुक्त। उद्यानविज्ञ का कहना है कि जिस जमीन पर विवाद है, वह जेडीए ने वर्ष 2018 में अवाप्त की थी। फिलहाल इस जमीन के उपयोग पर कोई निर्णय नहीं हुआ है, ऐसे में यह 1.1 हैक्टेयर भूमि जोन उपायुक्त के संरक्षण में है।

सूत्रों की मानें तो सेंट्रल पार्क की यह 11 बीघा जमीन लिलि पूल का हिस्सा थी, जो जैन नसियां के पीछे है। इस जमीन पर किसी जमाने में अस्तबल (घोडों का फार्म हाउस) था। जेडीए ने इस जमीन को सुप्रीम कोर्ट के आदेश के बाद पूर्व राजपरिवार से खाली कराया था। इसके बाद से यह जमीन सेंट्रल पार्क का हिस्सा बनी। लक्ष्मीविलास होटल के पीछे होने के कारण यहां लोगां का आवागमन कम रहता है। इस जमीन के चारों तरफ चारदीवारी बनी हुई थी। पहले इसे तोड़ा गया और इसके बाद यहां लगे सघन पेड़ काटे गए। यहां पर नीम, पीपल, बड़ समेत विभिन्न प्रकार के पेड़ लगे हुए थे।

मामला सामने आने के बाद यूडीएच मंत्री शांति धारीवाल और जेडीए के अफसरों ने मौका निरीक्षण भी किया, लेकिन किसी को भी गोल्फ क्लब द्वारा किया जा रहा निर्माण नहीं दिखा। बताया जा रहा है कि गोल्फ क्लब ने पुराना निर्माण तोड़कर वहां टैंक निर्माण शुरू किया था। मामला तूल पकड़ते देख मंगलवार को जेडीए की प्रतर्वन टीम ने इस निर्माण कार्य को रूकवाकर क्लब के लोगों को पाबंद किया। अब मुख्य नियंत्रक प्रवर्तन रघुवीर सैनी ने जोन उपायुक्त अंजू वर्मा से पूरे प्रकरण और निर्माण स्वीकृति के बारे में तथ्यात्मक रिपोर्ट मांगी है।

उधर सेंट्रल पार्क बचाओ संघर्ष समिति के संयोजक योगेश यादव का कहना है कि जब गोल्फ क्लब ने यहां पेड़ काटे तो जेडीए प्रशासन ने उसे रोका क्यों नहीं। यह पूरा मामला आपसी मिलीभगत का है। सरकार के खुद के नियम हैं कि अगर किसी प्रोजेक्ट की वजह से पेड़ हटाने भी पड़ते हैं तो पेड़ों की संख्या 5 से ज्यादा होने पर जिला कलेक्टर से इजाजत लेकर उन्हें शिफ्ट करना पड़ता है। जो पेड़ पुन: रोपे जाने योग्य नहीं होते, उस स्थिति में एक पेड़ के बजाय 5 नए पेड़ लगाने का शपथ पत्र देना पड़ता है। सैकड़ों पेड़ों की बलि लेने वाले इन जेडीए के अफसरों व गोल्फ क्लब के खिलाफ मुकदमा दर्ज कराएंगे।

सेंट्रल पार्क में सैकड़ों पेड़ काटने के साथ-साथ गोल्फ क्लब ने अब जेडीए की बिना अनुमति अवैध निर्माण शुरू कर दिया।

- **मामला सामने आते ही मंगलवार सुबह जेडीए की प्रवर्तन विंग ने मौके पर पहुंचकर काम बंद कराया**

शादी के 7 दिन बाद जेवर-नकदी समेटकर फरार हुई लुटेरी दुल्हन

6 परिचित बिचौलियों ने भी युवती से शादी करवाने के नाम पर पीड़ित युवक से 5 लाख रुपये वसूले थे

जयपुर (कासं)। राजधानी जयपुर के विश्वकर्मा इलाके में शादी के एक सप्ताह बाद ही लुटेरी दुल्हन घर से जेवरात और नकदी लेकर फरार हो गई। इस संबंध में पीड़ित युवक ने वीकेआई थाने में शादी करवाने वाले आरोपित शंकर यादव, दीपक यादव, सुनील, संदीप, विजय, रीना और लुटेरी दुल्हन पूजा शर्मा के खिलाफ नामजद मामला दर्ज करवाया है। आरोप है कि बदमाशों ने शादी से पहले भी उससे 5 लाख रुपयें ऐंठ लिए थे।

थानाधिकारी रमेश सैनी ने बताया कि रोहिणी बिहार निवासी राजपाल यादव ने मामला दर्ज करवाया है कि शंकर यादव नाम के व्यक्ति ने शादी के लिए खुद के भाई दीपक की जानकारी में अच्छी लड़की होना बताया था और शंकर ने अपने भाई दीपक यादव से मिलाया। दीपक ने 4 फरवरी 2023 को उज्जैन (मध्य प्रदेश) ले जाकर सुनील, संदीप और विजय नाम के युवकों से मिलवाया। जहां संदीप को लड़की का भाई और विजय का दोस्त के रूप में परिचय करवाया। इसके बाद शंकर और दीपक ने शादी की एवज में 75 हजार रुपये मोबाइल से ट्रांसफर करवा लिए। शंकर और दीपक यादव ने षड्यंत्र के तहत अपने परिचित सुनील को लड़की का चाचा बताकर मिलवाया। वहीं संदीप ने युवती का नाम पूजा बताया और कहा कि शादी कराने की एवज में उसकी पत्नी रीना के मोबाइल में रुपए डलवा देना। इस पर पीड़ित ने संदीप और विजय के कहे अनुसार संदीप की पत्नी रीना को 2 लाख 20 हजार रुपए नगद और मोबाइल से ट्रांसफर कर दिए। आरोपितों ने अलग-अलग बार में पीड़ित से 5 लाख रुपये लिए।

- **युवती को अनाथ बताकर फरवरी माह में मंदिर में करवाई गई थी शादी**
- **लुटेरी दुल्हन के फरार होने के बाद पीड़ित पति ने वीकेआई थाने में नामजद मुकदमा दर्ज कराया**

गत 11 फरवरी को उज्जैन स्थित गणेश मंदिर में पूजा से शादी करवाई,जहां पूजा को अनाथ बताया गया और शादी के संबंध में 500 रुपये के नॉन ज्यूडिशियल स्टांप पर लिखा-पढ़ी की गई। अगले दिन पीड़ित अपनी पत्नी पूजा को लेकर घर आ गया। 18 फरवरी तक पूजा उसके साथ रहीं। गत 19 फरवरी को दुल्हन पूजा पीछे से घर के जेवरात, सोने चांदी की चेन, मंगलसूत्र, पायजेब, सोने की अंगूठी, कानों की बाली समेत अन्य सोने-चांदी के जेवरात और करीब 20 हजार रुपए नकदी लेकर फरार हो गई।

पीड़ित ने काफी तलाश की, लेकिन कोई पता नहीं चल पाया। पीड़ित ने शादी करवाने वाले लोगों से भी बातचीत करने की कोशिश की, लेकिन किसी से बात नहीं हो पाई। इसके बाद पीडित को उसके साथ हुई धोखाधड़ी और ठगी का पता चलने पर थाने पहुंचा और आरोपित शंकर यादव, दीपक यादव, सुनील, संदीप, विजय, रीना और लुटेरी दुल्हन पूजा शर्मा के खिलाफ नामजद मामला दर्ज करवाया है। पुलिस लुटेरी दुल्हन पूजा और अन्य आरोपियों की तलाश कर रही है।

संक्षिप्त

'जनतंत्र बचाओ' रैली निकाली

जयपुर । संगीता गर्ग-राष्ट्रीय सचिव ऑल इंडिया महिला कांग्रेस ने बताया की जनतंत्र बचाओ लोकतंत्र बचाओ रैली प्रदर्शन का आयोजन जंतर-मंतर पर ऑल इंडिया महिला कांग्रेस कमेटी द्वारा किया गया। आज जनतंत्र, लोकतंत्र बचाने की ज़रूरत क्यों आन पडी आप समझ सकते हैं, भारत के खुबसूरत लोकतंत्र को जिसकी सराहना विदेशों में भी होती है लेकिन पिछले सालों से उस लोकतंत्र की छवि को धूमिल करने का काम केन्द्र के सत्ता मठाधीशों के द्वारा किया जा रहा है। जनता जनार्दन के द्वारा चुनी गई सरकारों को गिराने का काम किया जाता रहा है, संवैधानिक संस्थाओं को हाथ की कठपुतली बनाकर काम किया जा रहा है। संसद में सांसद को बोलने का अधिकार नहीं है, सच बोलने का अधिकार नहीं है की माँग करने का अधिकार नहीं है। जेपीसी इन तमाम मुद्दों के खिलाफ ऑल इंडिया महिला कांग्रेस कमेटी ने प्रदर्शन किया और माँग कि अडानी घोटाले में की माँग पूरी की जाए। सच जनता के सामने आना चाहिए। पूरी कांग्रेस पार्टी ना डरी है ना डरेगी। जनता की आवाज बनकर सच के साथ खडी रहेगी। राहुल गांधी की आप लोकसभा सदस्यता समाप्त कर दे, घर ख़ाली करा ले लेकिन ना राहुलजी इन सबसे डरे है ना हम डरेंगे।

दो सूने मकानों में जेवर-नकदी चोरी

जयपुर (कासं)। मुरलीपुरा और झोटवाड़ा इलाके स्थित दो सूने मकानों में लाखों रुपये की चोरी हो गई। पुलिस ने बताया शांतिनगर, दादी का फाटक निवासी निधि शर्मा का विजयबाड़ी में एक मकान और है। उनके माता-पिता श्रीरामपुरी में निधि के पास ही रहते हैं। घटनाक्रम के मुताबिक 27 मार्च को जब विजयबाड़ी स्थित मकान को संभालने गए तो पता चला चोर मकान के पिछले गेट का लॉक तोड़कर अलमारियों में से लाखों रूपए के जेवरात चुरा ले गए। वहीं, झोटवाड़ा इलाके में श्रीरामपुरी निवासी जुगलकिशोर 30 मार्च को बेटी की शादी में परिवार सहित कोलकाता गए हुए थे। चोर पीछे से घर के लॉक तोड़कर 2 लाख की नकदी सहित लाखों के जेवरात चुरा ले गए। पुलिस मामलों की जांच में जुटी है।

जेठ ने किया विवाहिता से दुष्कर्म

जयपुर । मालपुरा गेट थाना इलाके में एक विवाहिता से दुष्कर्म का मामला सामने आया है। पुलिस मामला दर्ज कर जांच में जुटी है। थानाधिकारी सतीश चंद चौधरी ने बताया मूलतया यूपी हाल इलाके निवासी 35 वर्षीय विवाहिता ने इस्तगासे के जरिए मामला दर्ज करवाया है कि वह जयपुर में मजदूरी करती है। 15 फरवरी को पति जयपुर से बाहर गए थे। इस दौरान जेठ नितिन खत्री घर आया था। आरोप है रात में शौच जाते समय जेठ नितिन ने पकड़ लिया और जबरन दुष्कर्म किया। पुलिस मामले की जांच में जुटी है।

'प्रधानमंत्री आवास योजना में धन की कमी नहीं'

जयपुर (कासं)। आवासन एवं शहरी कार्य मंत्रालय के संयुक्त सचिव कुलदीप नारायण ने सोमवार को राजस्थान में प्रधानमंत्री आवास योजना (शहरी) (पीएमएवाय) की स्वायत्त शासन भवन के सभागार में समीक्षा की।

बैठक में स्वायत्त शासन विभाग के शासन सचिव डॉ. जोगाराम ने प्रधानमंत्री आवास योजना-शहरी की प्रोग्रेस रिपोर्ट बताते हुए कहा कि जो भी नए मार्ग दर्शन मिले हैं, उस हिसाब से योजना को आगे बढ़ाया जाएगा। राजस्थान पीएमएवाई (यू) के प्रोजेक्ट डायरेक्टर प्रदीप कुमार गर्ग ने राजस्थान में इस योजना के तहत अब तक हुए कार्यों का ब्यौरा प्रस्तुत किया। इस मौके पर नगर निगम जयपुर हैरिटेज के कमिश्नर विश्राम मीना, उपायुक्त नगर निगम ग्रेटर मानसिंह, वित्तीय सलाहकार (डीएलबी) महेंद्र मोहन, पीडी रूडसिको (इन्फ्रा) अरूण व्यास, जिला परिषद जयपुर के अधीशासी अभियंता केसी मीना, क्षेत्रीय प्रमुख, हुडको सुधीर भटनागर, एसएलटीसी के डिप्टी टीम लीडर सतीश अग्रवाल उपस्थित थे। इस अवसर पर उन्होंने राज्य में प्रधानमंत्री आवासीय योजना के सफल क्रियान्वयन के अनुभवों का साझा किया। क्रियान्वयन में आने वाली समस्याओं का जानकारी ली। उन्होंने राजस्थान में पीएमएवाई (यू) की प्रोग्रेस रिपोर्ट देखकर संतोष जताया।

25 अप्रेल को जयपुर में जुटेंगे प्रदेश के एक लाख संविदाकर्मी

10 मार्च को चेतना रैली निकालकर दिखाएंगे एकजुटता

नियमितिकरण की मांग को लेकर संविदाकर्मियों के प्रतिनिधिमंडल ने सोमवार को मीडिया से बात की।

जयपुर (कासं)। प्रदेश के विभिन्न विभागों में कार्यरत एक लाख 10 हजार से अधिक संविदाकर्मी नियमितीकरण किए जाने की मांग को लेकर एकजुट हो रहे हैं। अपनी मांग को लेकर आगामी 25 अप्रेल को संविदाकर्मी जयपुर से 40 किलोमीटर की दूरी पर एकत्र होकर वहां से राजधानी जयपुर में शहीद स्मारक तक अधिकार पैदल मार्च निकालेंगे, यदि सरकार ने उनकी बात नहीं सुनी तो यहीं महापड़ाव भी शुरू कर दिया जाएगा।

सोमवार को मीडिया से बात करते हुए इन संविदाकर्मियों ने ऐलान किया कि अधिकार पैदल मार्च से पूर्व 10 अप्रेल को चेतना रैली का आयोजन किया जाएगा। जिसके तहत संभाग स्तर पर प्रदर्शन किया जाएगा। कार्मिकों ने कहा कि पिछले कई दिनों से वह सीएम, मंत्रियों, विधायकों और अधिकारियों को ज्ञापन देकर नियमितिकरण की मांग कर रहे हैं लेकिन उनकी सुनवाई नहीं हो रही। उन्होंने संविदाकर्मियों के अनुभव की गणना आईएएस चयन पैटर्न के आधार पर किए जाने का भी विरोध किया।

संयुक्त संविदा मुक्ति मोर्चा राजस्थान के प्रदेश प्रदेशाध्यक्ष नरेंद्र चौधरी ने कहा कि सरकार अनुभव की गणना वास्तविक रूप से 1.1 मानकर ही करे। सरकार अगर आईएएस पैटर्न में 3.1 का फार्मूला अपनाती है तो इससे मुश्किल से दस हजार संविदा कर्मियों का ही नियमितीकरण होगा बाकी एक लाख संविदा कर्मी नियमित होने से वंचित हो जाएंगे। उन्होंने सरकार से मांग की कि सरकार अपनी चुनावी घोषणा को पूरा करते हुए उन्हें नियमित करें। इस दौरान अल्प संख्यक विभाग, चिकित्सा स्वास्थ्य एवं चिकित्सा शिक्षा विभाग, शिक्षा विभाग और ग्रामीण विकास एवं पंचायतीराज विभाग के संविदाकर्मियों के प्रतिनिधि मौजूद रहे।

अयोध्या की तर्ज पर सजाया जायेगा रामलला दरबार

जयपुर (कासं)। गुलाबी नगरी में पहली बार हनुमान जन्मोत्सव के तहत अयोध्या की तर्ज पर रामलला का दरबार सजाया जाएगा। देशभर के विख्यात हनुमान मंदिरों की झलकियां भी देखने लायक रहेगी। सालासर बालाजी भक्त मंडल जयपुर की ओर से बुधवार को हल्दियों का रास्ता स्थित मंगलेश्वर महादेव मंदिर में शाम 7.30 बजे से कार्यक्रम आयोजित होगा। अध्यक्ष रामप्रसाद कारोड़िया ने बताया कि पर्व के तहत विभिन्न जगहों के कलाकारों की ओर से रामलला का हुबहू दरबार सजाया जाएगा। 100 किलो से अधिक फूलों से श्रृंगार के साथ ही ख्यातिनाम कलाकार भजनों के जरिए पवनपुत्र को रिझाएंगे।

हाइब्रिड नेपियर घास की प्रदर्शनी

जयपुर । मुख्यमंत्री अशोक गहलोत ने 'राजस्थान बीज उत्पादन एवं वितरण मिशन' (आरएसपीडीएम) के अंतर्गत प्रदेश की समस्त ग्राम पंचायतों में हाइब्रिड नेपियर घास (बहुवर्षीय चारा फसल) की प्रदर्शनी लगाने के प्रस्ताव को स्वीकृति प्रदान की है। राजस्थान बीज उत्पादन एवं वितरण मिशन के अंतर्गत हाइब्रिड नेपियर घास की प्रदर्शनी प्रत्येक ग्राम पंचायत में 0.2 हेक्टेयर भूमि में प्रगतिशील किसानों, विभाग के फार्म, कृषि प्रशिक्षण केन्द्र (एटीसी) एवं प्रमुख गौशालाओं में लागाई जाएगी। इसके लिए 'कृषक कल्याण कोष' से 23 करोड रुपए व्यय किए जाएंगे।

सुमन, सिद्धि व पर्ल को मिला क्रिकेट अवार्ड

जयपुर । राजस्थान रणजी टीम की आलराउंडर सुमन मीणा और जूनियर क्रिकेटर सिद्धि शर्मा को सोमवार को यहां आयोजित समारोह में क्रमश: सीनियर और जूनियर वर्ग में सुन्दर कांति जोशी पुरस्कार से नवाजा गया।

पहली बार सब जूनियर वर्ग में शुरू किया गया पुरस्कार उदीयमान खिलाडी पर्ल बाणावत को प्रदान किया गया। पीएचईडी मंत्री डॉ. महेश जोशी, राजस्थान क्रिकेट एसोसिएशन के उपाध्यक्ष शक्ति सिंह राठौड, आरसीए के पूर्व सचिव सुभाष जोशी और अंतरराष्ट्रीय स्क्वैश खिलाडी सुरभि मिश्रा ने स्व. सुन्दर कांति जोशी के जन्म दिन के मौके पर प्रदेश की प्रतिभावान खिलाडियों को ये पुरस्कार प्रदान किए। कार्यक्रम की शुरुआत में प्रदेश के पूर्व अंतरराष्ट्रीय क्रिकेटर सलीम दुर्रानी, जयपुर जिला क्रिकेट एसोसिएशन से जुडे अरुण गर्ग और राजस्थान क्रिकेट एसोसिएशन के सचिव भवानी सामोता के पिता के निधन पर उन्हें श्रद्धांजलि अर्पित की गई। सीनियर वर्ग में पुरस्कार प्राप्त सुमन मीणा ने इस वर्ष बीसीसीआई के टूर्नामेंटों में कुल 250 रन बनाए और 26 विकेट हासिल किए, वहीं जूनियर वर्ग में सिद्धि शर्मा ने बोर्ड के अंडर-19 वनडे और टी-20 टूर्नामेंट में कुल 102 रन बनाए और 19 विकेट लिए। सब जूनियर वर्ग में पर्ल बाणावत ने 13 विकेट के सर्वश्रेष्ठ प्रदर्शन के साथ पुरस्कार हासिल किया। कार्यक्रम में राजस्थान क्रिकेट एसोसिएशन के बीसीसीआई पैनल के स्कोरर ओपी शर्मा को क्रिकेट में उनकी सेवाओं के लिए लाइफ टाइम अचीवमेंट अवार्ड से नवाजा गया।

कार्यक्रम में पूर्व रणजी क्रिकेटर डॉ.हेमेन्द्र सुराणा, डॉ. बीआर सोनी, विनोद माथुर, देवराज सिंह, पाली जिला संघ के सचिव धर्मवीर जयपुर जिला संघ के मोहम्मद इकबाल मोहम्मद असलम राजस्थान महिला क्रिकेट टीम समिति की सदस्य गण सुखविन्दर सिंह, देवेंद्र पाल सिंह योगेश माथुर समेत कई पूर्व और वर्तमान क्रिकेट शामिल थे।

भगवान महावीर की जयंती पर सोमवार को राजधानी जयपुर में गाजे-बाजे के साथ शोभायात्रा निकाली गई। श्रद्धालुओं ने इस दौरान भगवान महावीर के संदेश 'जीओ और जीने दो' के नारे भी लगाए। शहर में जहां-जहां से शोभायात्रा गुजरी, वहां-वहां से लोगों ने पुष्पवर्षा करके स्वागत किया।

हनुमंत शोभायात्रा का पोस्टर जारी

जयपुर (कासं)। श्रीहनुमंत शोभा यात्रा समिति की ओर से हर वर्ष की भांति इस वर्ष हनुमान जन्म उत्सव गुरुवार 6 अप्रैल को एक भव्य शोभा यात्रा का आयोजन किया जा रहा है।

समिति के संयोजक धुव्रदास अग्रवाल ने बताया कि पिछले 37 सालों से निरन्तर शोभा यात्रा का आयोजन किया जा रहा है। यात्रा सांगानेरी गेट हनुमान मंदिर से सायं 5 बजे रवाना होकर जौहरी बाजार, बड़ी चौपड़, त्रिपोलिया बाजार, छोटी चौपड़, किशनपोल बाजार, इंदिरा बाजार, खजाने वालों के रास्ते होते हुए रात्रि 10 बजे चांदपोल हनुमान मंदिर पहुंचेगी।

यात्रा के आयोजन संबंधित पोस्टर का विमोचन सोमवार को मुख्यमंत्री अशोक गहलोत ने किया। विमोचन कार्यक्रम में समिति के संयोजक धुवदास अग्रवाल, अध्यक्ष शंकर अग्रवाल, सचिव सोहल लाल ताम्बी, वरिष्ठ उपाध्यक्ष मंजू शर्मा, कोषाध्यक्ष वीर सियाराम जैन एवं मंत्री स्नेहलता शर्मा शामिल हुए।

बदमाशों ने महिला का पर्स छीना

जयपुर । गांधीनगर इलाके में बाइक सवार बदमाश एक महिला का पर्स और युवक का मोबाइल छीन ले गए। पुलिस ने बताया हाउसिंग बोर्ड, प्रताप नगर निवासी संतोष भटनागर 2 अप्रैल की दोपहर सांगानेर थाने से चांदपोल बाजार के लिए ई-रिक्शा में सवार हुई थी। रास्ते में मोती संस ज्वैलर्स के सामने बाइक सवार बदमाश पर्स छीन ले गए। पर्स में नकदी, मोबाइल सहित जरूरी दस्तावेज थे। वहीं, झोटवाड़ा में ओसवाल फैक्ट्री के सामने गाडी में माल भर रहे देवेंद्र गुर्जर को बाइक सवार बदमाश डरा-धमकाकर मोबाइल छीन ले गए।

'पुरखों की विरासत संजोए रखना हमारी ज़िम्मेदारी'

- **जयपुर शहर के विघटन को रोककर एक जिला बनाए रखने के लिए विधायक रफीक खान को सौंपा ज्ञापन**

जयपुर (कासं)। 'म्हारो जयपुर- प्यारों जयपुर' अभियान से जुडे जयपुर के प्रबुद्धजनों ने आज जयपुर की आदर्श नगर विधानसभा से विधायक रफीक खान से मुलाकात कर जयपुर शहर के दो हिस्सों में ना बाँटने का ज्ञापन दिया।

सोमवार को विधायक से मिलने की अगुवाई कर रहे कांग्रेस के नेता सुरेश मिश्रा, पूर्व महापौर ज्योति खण्डेलवाल, पार्षद विमल अग्रवाल व इतिहास विद्ध जितेंद्र सिंह शेखावत ने विस्तार पूर्वक जयपुर शहर के दो हिस्से बनने से जयपुर की सांस्कृतिक, सामाजिक, राजनीतिक, आर्थिक विरासत पर पडने वाले दुष्प्रभाव के बारे में बताया और यह भी बताया की जयपुर की जनता जयपुर शहर के जिले को किस रूप में देखे रहना चाहती है।

रफीक खान साहब ने प्रतिनिधिमंडल की बात पूरी ध्यनापूर्वक सुन और समझकर यह आश्वासन दिया की जनता की भावना के अनुसार जयपुर शहर को एक रखने की मुख्यमंत्री से पुरजोर वकालत करेंगे। जयपुर हम सब की ओर आने वाली पीढ़ी की धरोहर है जिसे संजोए रखना हम सब की बराबर जिम्मेदारी है। कोशिश करेंगे कि 250 वार्डों का पूरा एक जयपुर शहर जिला हो।

प्रतिनिधि मंडल में निम्न जयपुर की पूर्व मेयर ज्योति खंडेलवाल, सुरेश मिश्रा, अल्प संख्यक आयोग के पूर्व चेयरमैन जसबीर सिंह, वरिष्ठ पत्रकार जितेन्द्र सिंह शेखावत, पार्षद विमल अग्रवाल, जयपुर व्यापार महासंघ के अध्यक्ष सुभाष गोयल, जयपुर व्यापार मण्डल के अध्यक्ष ललित सिंह सांचोरा, जयपुर व्यापार महासंघ के वरिष्ठ उपाध्यक्ष सुरेश सैनी, सूरजभान सिंह आमेरा, जयपुर व्यापार मंडल के उपाध्यक्ष भंवरसिंह शेखावत, विष्णु जायसवाल, प्रदीप सिखवाल, अशोक भगत, गिरधारी लाल कुमावत, वैशाली नगर व्यापार मंडल के उपाध्यक्ष गजेंद्र सिंह पंचलंगी, चंद्रमोहन गर्ग, एड सुनील जैन, एड रविंदर पालीवाल, घनश्याम मंत्री, आनंद सिंह राठौड, महेंद्र यादव, महेश सैनी, महेंद्र लोहिया, धनंजय सिंह, देवेंद्र शर्मा, एड मिनाक्षी पारिक, एड जुगल किशोर शर्मा, दीप सिंह रावत, एड तपेश अठावाल, एड आशीष शर्मा, आनंदी लाल सेन, आनंद ज़ौहरी, पंकज शर्मा, राजेंद्र कुमावत, तरुण रावत, प्रदीप चतुर्वेदी, भगवान दास वर्मा, महेंद्र सिंह पंवार, योगेश जांगिड, किशोर जोशी लोग शामिल थे।

सार-समाचार

नर्सिंग कौंसिल की मैराथन 7 अप्रैल को

जयपुर । विश्व स्वास्थ्य दिवस के उपलक्ष्य में 7 अप्रैल को राजस्थान नर्सिंग कौंसिल की ओर से नर्सिंग संवर्ग की मैराथन व राज्य स्तरीय प्रतियोगिता होगी। इसके पोस्टर का विमोचन सोमवार को मुख्यमंत्री अशोक गहलोत ने किया। कौंसिल रजिस्ट्रार डॉ. शशिकान्त शर्मा ने बताया कि "पहला सुख निरोगी काया" के उद्देश्य को आम-आवाम तक अच्छे स्वास्थ्य के प्रति जागरूक करने के उद्देश्य से अमर जवान ज्योति, जनपथ से स्टेच्यू सर्किल तक 7 अप्रैल को मैराथन होगी। इसके अलावा 7 से 9 अप्रैल तक राज्य स्तरीय स्पोर्ट्स प्रतियोगिता आयोजित की जायेगी। पोस्टर विमोचन कार्यक्रम में निदेशक (जन-स्वास्थ्य) एवं आरएनसी अध्यक्ष डॉ. आर.पी.माथुर, नर्सेज नेता नरेन्द्र सिंह शेखावत, प्यारेलाल चौधरी, मिथलेश टांक, दिलीप तिवाड़ी, ओमप्रकाश स्वामी, पुरूषोत्तम कुम्भज, भूदेव धाकड़, पवन मीना, योगेश यादव, गिरीश शर्मा, राजेन्द्र शेखावत, संदीप यादव, सुनीता धारीवाल, मैरीकुट्टी, डॉ. प्रियंका कटेवा, यशस्वी सहगल, ज्योति कंवर, रम्या, रेणु यादव उपस्थित रहे।

डॉ.अनंत शर्मा फिर बने केन्स के अध्यक्ष

जयपुर । अग्रणी उपभोक्ता संरक्षण संगठन 'केन्स की गवर्निंग काउंसिल में बड़ा परिवर्तन किया गया है। वाइस चैयरमैन जनरल सेकेट्री सहित कई निदेशक बदले गए हैं । प्रमुख उपभोक्ता आंदोलनकारी डॉ.अनंत शर्मा को पुन:प्रेसीडेन्ट बनाया गया है। नई गवर्निंग काउंसिल का गठन संगठन की जनरल बॉडी की बैठक में किया गया। संजय खंडेलवाल को वाइस प्रेसीडेंट और विनोद पारीक को जनरल सेकेट्री बनाया गया है जबकि राजकुमार शर्मा नये एक्जीक्यूटिव डायरेक्टर बनाए गये हैं। सेकेट्री पदों पर डॉ.विवेकानंद गोस्वामी, शिवदयाल सैनी एवं कमलेश नाटाणी को नियुक्त किया गया है। राजकुमार बनवारी को ट्रेजरार बनाया गया है। दीक्षिता पापड़ीवाल प्रेसीडेंट वीमेन्स विंग, मीनाक्षी शर्मा कन्वीनर लीगल सेल, उषा किरण भट्ट को निदेशक बैंकिंग सेल बनाया गया है। निर्मला सेठी, प्रदीप भट्ट, एस डी माथुर, डॉ.रामबहादुर एवं अनिरुद्ध माथुर को ज्वाइंट सेकेट्री का दायित्व दिया गया है। इसके अतिरिक्त लालचंद कुमावत, संजय सक्सेना, रेखा खंडेलवाल, मोहित अग्रवाल व प्रवीण कौशल को राएक्जीक्यूयिव मेम्बर बनाया गया है।

दुष्कर्म का आरोपी गिरफ्तार

जयपुर । बजाज नगर थाना पुलिस ने नाबालिग से दुष्कर्म के आरोपी को गिरफ्तार किया है। थानाधिकारी देवेंद्र सिंह ने बताया गिरफ्तार आरोपी रमन सारसर (23) गौतम नगर, बजाज नगर का रहने वाला है, जिसने साल भर पहले स्कूल जा रही नाबालिग को बहला फुसलाकर उसके साथ दुष्कर्म किया था। अब इन दिनों वह नाबालिग को पुलिस परेशान कर रहा था।